HNLU के प्रोफेसर IIM के स्टूडेंट्स को पढ़ाएंगे कमर्शियल व बिजनेस लॉ

सिटी रिपोर्टर | हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू) के प्रोफेसर्स अब आईआईएम के स्टूडेंट्स को कमर्शियल और बिजनेस लॉ की पढ़ाई कराएंगे। वहीं आईआईएम के प्रोफेसर्स लॉ यूनिवर्सिटी में मैनेजमेंट, इकोनॉमी और बिजनेस की ट्रेनिंग देंगे। इसके लिए दोनों ही संस्थानों के बीच एमओयू हुआ है। यह एमओयू एकेडमिक कोलाबरेशन है। इसमें फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम होगा और फैकल्टी द्वारा एक-दूसरे संस्थान में एक हफ्ते के लिए क्लास ली जाएगी। एमओयू साइन करने के बाद एचएनएलयू के कुलपति प्रो. वीसी विवेकानंदन ने कहा कि यह एमओयू लॉ स्टूडेंट्स के लिए काफी बेहतर होगा। वहीं आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. राम कुमार ककानी ने कहा कि स्टूडेंट्स के लिए मिलकर कई प्रोग्राम आयोजित करेंगे।

Dainik Bhasker, 8th March 2024,p. 2